प्रमोद कुमार तिवारी
राज्य सूचना आयुक्त, उत्तर प्रदेश।

श्री प्रमोद कुमार तिवारी ने राज्य सूचना आयुक्त, मा0 राज्य सूचना आयोग, उत्तर प्रदेश के पद पर 26 फरवरी, 2019 को शपथ ग्रहण की। इससे पूर्व श्री तिवारी प्रदेश पुलिस महानिदेशक के पद पर उत्तर प्रदेश होमगार्डस, उत्तर प्रदेश नियम एवं ग्रन्थ तथा उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार के पद पर 26 अक्टूबर, 2017 से 25 फरवरी, 2019 तक कार्यरत् रहें हैं।

श्री तिवारी ने भारतीय सेना में लेफ्टीनेण्ट एवं कैप्टन पदों पर भी अपनी सेवाएं दी हैं। सैन्य सेवा अवधि में श्री तिवारी ने पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर के इम्फाल में शहरी उग्रवाद से निपटने में सराहनीय योगदान दिया। श्री तिवारी को उग्रवाद से लड़ने में दी गयी सराहनीय सेवाओं हेतु सामान्य सेवा मेडल (नागालैण्ड क्लैस्प) प्रदान किया गया। इसी प्रकार भारत पाकिस्तान बार्डर पर आपरेशनल एरिया में तैनात रहते हुए देश की सेवा की।

भारतीय सेना की सेवा के दौरान वर्ष 1986 में सीधी भर्ती के आई0पी0एस0 अधिकारी के रूप में संघ लोक सेवा आयोग से चयनित होने के उपरांत पुलिस सेवा प्रारम्भं की। 32 वर्ष से अधिक की पुलिस सेवा के दौरान आपने अनेक महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील पदों पर अपनी सेवाएं दी है। श्री तिवारी मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के परिसहायक के रूप में भी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं।

पदक एवं सम्मान :

कर्तव्य के प्रति लगन, परिश्रम, सच्ची निष्ठा एवं पूर्ण मनोयोग से किये गये अभूतपूर्व योगदान हेतु आपने निम्न पदक/सम्मान अर्जित किये–

01. सराहनीय सेवाओं के लिए 26 जनवरी, 2003 को राष्ट्रपति का पुलिस पदक।
02. उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 26 जनवरी, 2012 को राष्ट्रपति का पदक ।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 पुलिस दूरसंचार के पद पर 26 अक्टूबर, 2017 से 25 फरवरी, 2019 तक सेवा के दौरान निम्न उल्लेखनीय, नवीन एवं मौलिक कार्य सम्पन्न किये गये –

क्रमशः

इस अवधि में निकाय चुनाव, गुजरात/कर्नाटक/मध्य प्रदेश/राजस्थान में विधान सभा चुनावों में उ0प्र0 पुलिस कन्टीजेण्ट की पुलिस संचार व्यवस्था तथा प्रदेश में अति–विशिष्ट/विशिष्ट महानुभावों के भ्रमण इत्यादि अवसरों पर निर्विध्न पुलिस संचार व्यवस्था बनाये रखी गयी।

पुलिस दूरसंचार की कार्यप्रणाली को दीर्घकालिक रूप से पुष्पित एवं पल्लवित करने हेतु "पुलिस रेडियो मेल" सेवा का प्रारम्भ, गोरखपुर जोन के जनपदों में डिजीटल वायरलेस सेटों का अधिष्ठापन, जेम एवं ई–निविदा द्वारा उपकरणों का क्रय एवं कुम्भ मेला हेतु संचार उपकरणों का क्रय भी समय से पूर्ण कराया गया। कुम्भ मेला–2019 में स्थापित पुलिस संचार व्यवस्था की सर्वत्र प्रशंसा हुई।

पुलिस दूरसंचार मुख्यालय के सेवानिवृत्त कार्मिकों के पेंशन रिवीजन, मृतक आश्रित सेवायोजन भर्ती, कार्मिकों की पदोन्नतियाँ इत्यादि प्रशासनिक कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण कराये गये।

अपर पुलिस महानिदेशक के तौर पर होमगार्ड्स व पी0ए0सी0 मध्य जोन में तैनात रहे।

पुलिस महानिरीक्षक के रूप में पी0ए0सी0 मध्य जोन मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 आगरा परिक्षेत्र गोरखपुर परिक्षेत्र पी0ए0सी0 मुख्यालय रेलवेज अग्निशमन सेवायें प्रयागराज जोन कानपुर जोन, पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज व **पुलिस उप महानिरीक्षक** कारागार रेलवेज अन्तर्राज्यीय सीमा बल प्रयागराज परिक्षेत्र में अपनी सेवायें दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक सेनानायक के रूप में रेलवेज लखनऊ, आगरा, पी0ए0सी0 मुख्यालय, प्रयागराज, गाजियाबाद, बस्ती 30वीं वाहिनी, गोण्डा, पी0ए0सी, हमीरपुर 28वीं वाहिनी पी0ए0सी0 इटावा, आगरा, एवं अभिसूचना में अपनी सेवायें प्रदान की।

पुलिस सेवा के दौरान अन्य उपलब्धियाँ :–

लगभग **32 वर्ष** की पुलिस सेवा के दौरान विभिन्न जनपदों एवं इकाईयों में विभिन्न पदों पर शासन एवं उच्चाधिकारियों की अपेक्षानुरूप राजकीय हित में उत्कृष्टतापूर्वक कार्य किया परिणामस्वरूप शासन द्वारा निरंतर महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जाते रहे। सभी कार्य, जिनमें जनपदीय/परिक्षेत्रीय/जोनल स्तर की दौनिक कानून व्यवस्था के लेकर चुनाव, मेले, संवेदनशील रैलियाँ, विशेष अभियान इत्यादि तक सम्मिलित हैं के दौरान पुलिस बल को कुशल नेतृत्व प्रदान किया।

क्रमशः

पुलिस सेवा के दौरान विभिन्न इकाईयों में व्यवस्था को उच्चीकृत करने हेतु विभिन्न प्रस्ताव तैयार कराये गये तथा अनुमोदित प्रस्तावों पर तत्परतापूर्वक कार्य करके योजना का लाभ पुलिस बल के निचले स्तर तक पहुँचाया गया। सेवा के दौरान अधीनस्थ स्टाफ के कल्याण हेतु अनेक कल्याणकारी कार्य भी किये गये।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछडे वर्ग व समाज के उपेक्षित वर्ग के हितों का समुचित ध्यान रखा गया एवं उनकी समस्याओं को गम्भीरता से हल कराया गया।

प्रशिक्षण :–

एमसीटीपी फेस–5	यूके लंडन	12-04-2012 से 05-05-2012
एमसीटीपी फेस–5	एसवीपी एनपीए हैदराबाद	09-04-2012 से 12-04-2012
रि–यूनियनसेमिनार–39आरआर (1986) बैच।	एसवीपी एनपीए हैदराबाद	29-08-2011 से 30-08-2011
टेक्निकल वर्कशॉप ऑफ फायर चीफ ऑन वीजन 2020 फायर सेफ इंण्डिया।	गोवा	21-01-2009
वर्टिकल इंटरेक्शन कोर्स ऑन रिफॉरम्स इन क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम।	एलएनजेपीएन इंस्ट्टीयूट ऑफ क्रिमनॉलोजी एण्ड फारेन्सिक साइन्स, रोहिनी, न्यू दिल्ली।	21-11-2005 से 26-11-2015
इंटरनल सिक्योरिटी	एसवीपी एनपीए हैदराबाद	09-06-2001 से 15-06-2001

शिक्षा :

श्री प्रमोद कुमार तिवारी, ने स्नातक शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से ग्रहण की है।

व्यक्तिगत :

श्री प्रमोद कुमार तिवारी, का जन्म 01 जुलाई, 1959 को जनपद जौनपुर के सिकरारा ब्लॉक के ग्राम शाहपुर में हुआ। आप एक मेधावी विद्यार्थी, कुशल वक्ता व आन्तरित सुरक्षा विषयों के विशेषज्ञ है।